भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
TELECOM REGULATORY AUTHORITY OF INDIA
भारत सरकार /Government of India

**संदर्भ सं. 21-12/2019-आईटी**

# सीईआरटी-आईएन पैनलबद्ध एजेंसियों द्वारा ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा हेतु निविदा

## दिनांकः 04/11/2019

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकण (ट्राई)**
महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप)
जवाहर लाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड)
नई दिल्लीः 110002

**सेवा में,**

**सभी सीइआरटी-इन पैनलबद्ध एजेंसियां**

**विषयः-** **सीइआरटी-इन पैनलबद्ध एजेंसियों द्वारा ट्राई वेबसाइट** https://main.trai.gov.in **की सुरक्षा लेखा परीक्षा हेतु निविदा।**

1. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) को दूरसंचार सेवाओ के लिए टैरिफ के निर्धारण/संशोधन सहित टेलीकॉम सेवाओं को विनियमित करने के लिए, जो पूर्व में केंद्रीय सरकार द्वारा विनियमितत किया जाता था, संसद के एक अधिनियम भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा 20 फरवरी, 1997 को स्थापित किया गया था। ट्राई की वेबसाइट https://main.trai.gov.in (https://trai.gov.in) है। वर्तमान में, ट्राई महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप), जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्लीः 110002 पर स्थित है।

2. ट्राई की ओर से ट्राई वेबसाइट https://trai.gov.in की सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए सीइआरटी-इन पैनलबद्ध एजेंसियों से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

3. बोलियां आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करते हुए सभी प्रकार से यथोचित रूप से भरकर **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण,** महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप), जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्लीः 110002 को **22.11.2019 को 15.00 बजे** तक अथवा उससे पूर्व पहुंच जाए।

4. बोलियां उसी दिन **अर्थात् 22.11.2019 को 15.30 बजे** ट्राई, नई दिल्ली में बोलीदाताओं जो उपस्थित होने इच्छुक हैं, स्वयं उनकी उपस्थिति अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थितियों में खोला जाएगा।

5. विस्तृत निबंधन एवं शर्तें अनुलग्नक-I में, कार्य का दायरा अनुलग्नक-II में, मूल्य बोली प्रस्तुत करने के लिए प्रारूप अनुलग्नक-III में और बोलीदाताओं के ब्यौरें अनुलग्नक-IV में इस निविदा दस्तावेज के साथ संलग्न है और इन्हें ट्राई वेबसाइट www.trai.gov.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।

S. Ganesh.

**वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी (आईटी)**
**दिनांकः 04/11/2019**



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

## निबंधन एवं शर्तें

**अनुलग्नक-I**

1. वेबसाइट को एनआईसी सर्वर पर होस्ट किया जाना है इसलिए सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र एनआईसी मानकों के अनुसार होना चाहिए। बोलीदाताओं को निविदा के लिए आवेदन करने से पूर्व एनआईसी मानकों से भली-भांति अवगत होना चाहिए।

2. **पात्रता मानदंडः**

   क. बोलीदाताओं को सीईआरटी-आईएन का पैनलबद्ध लेखा परीक्षक होना चाहिए, जिसके पास पैनलबद्धता प्रमाणपत्र हो। वैध सीईआरटी-आईएन पैनलबद्ध प्रमाणपत्र सहित प्राधिकरण की प्रतिलिपि प्रस्तुत की जाए।

   ख. फर्म के जीएसटी पंजीकरण दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उपरोक्त पात्रता मानदंड को पूरा न करने वाली/अपेक्षित द्स्तावेजी साक्ष्यों रहित बोलियां रद्द की जाएंगी।

3. बोलियां एक सीलबंद कवर में होना चाहिए जिस पर स्पष्ट रूप से लिखा हो, “ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए बोली”।

4. बोली के सभी पृष्ठ अधिकारिक मोहर के साथ हस्ताक्षरित कर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

5. **बोली वैधता की अवधि**

   बोलियां बोली खोलने की तिथि से 90 दिनों के लिए वैध होंगी। विर्निदिष्ट अवधि से कमतर अवधि के लिए किसी भी बोली को बिना विचार किए रद्द कर दिया जाएगा।

6. बोलियां प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि एवं समयः
   बोलियां प्राप्त करने के लिए अंतिम तिथि 22 नवंबर, 2019 को 15:00 बजे तक है।
   बोलियां उसी दिन 15.30 बजे खोली जाएंगी।



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

7. **बोलियां प्रस्तुत करनाः**

उचित रूप से भरी हुई बोलियां **वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण,** महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप), जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड), नई दिल्लीः 110002 को व्यक्तिगत रूप से अथवा वैकल्पिक रूप से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से बोली प्राप्त करने के लिए निर्धारित समय और तिथि तक पहुंच जाएं।

8. **देर से प्राप्त बोली**

बोली प्राप्त करने में डाक की देरी सहित किसी भी देरी को बोली को देर से प्रस्तुत करना माना जाएगा और रद्द किया जाएगा। स्वागत कक्ष अथवा किसी अन्य काऊंटर अथवा कक्ष अथवा ट्राई के अधिकृत व्यक्ति से इतर व्यक्ति को सौंपी गई बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. **बोली की भाषा**

बोलीदाताओं द्वारा तैयार बोली और बोलीदाता तथा ट्राई द्वारा अदान-प्रदान किए गए बोलियों संबंधी दस्तावेज, हिंदी/अंग्रेजी भाषा में होंगे, प्रावधान किया जाता है कि बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत प्रिंट सामग्री के साथ हिंदी/अंग्रेजी अनुवाद प्रस्तुत किया जाए, बोली के स्पष्टीकरण के उद्देश्य से हिंदी/अंग्रेजी संस्करण शासित होगा।

10. **बोली मूल्य**

क) मूल्य केवल भारतीय रुपए में उद्धत होंगे।

ख) सभी लागू कर, शुल्क, प्रभार स्पष्ट रूप से दर्शाए जाएंगे।

ग) उद्धत मूल्य अंतिम होंगे और बोली की वैधता अवधि में स्थिर रहेंगे और किसी भी बढ़ोत्तरी वाले आशोधन, जो कुछ भी हो, के अध्यधीन नहीं होंगे।

घ) बोलीदाता अपने मूल्यों को स्पष्ट रूप से आंकड़ों के साथ-साथ शब्दों में लिखे जाएंगे और संविदा दर में सुधार/उपरिलेखन/कटिंग नहीं होगा।

11. **बोली मूल्यांकन**

क) पात्रता मानदंड मूल्यांकन के दौरान, बोलीदाताओं के ब्यौरों का इस निविदा दस्तावेज में उल्लेख किए अनुसार अपेक्षित पात्रता मानदंड के संदर्भ में मूल्यांकन किया जाएगा और तत्पश्चात् केवल पात्र बोलीदाताओं का ही अंतिम मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।

ख) मूल्य बोलियां निम्मानुसार मूल्यांकन किया जाएगाः

i. यदि शब्दों तथा आंकड़ों में कोई विसंगति हो तो, शब्दों वाली राशि को स्वीकारा जाएगा

ii. यदि ईकाई मूल्य और कुल मूल्य जो ईकाई मूल्य को गुणा कर प्राप्त किया जाता है, में कोई विसंगति हो तो, ईकाई मूल्य को स्वीकारा जाएगा और कुल मूल्य को सही किया जाएगा।

ग) यदि बोलीदाता ऊपर उल्लेख किए अनुसार चूक में संशोधन स्वीकार नहीं करता है तो बोली को खारिज कर दिया जाएगा।

घ) वह बोलीदाता जिसका मूल्यांकित किया गया मूल्य सबसे कम (एल-1) पाया जाएगा, उसे ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा करने का ठेका दिया जाने पर विचार किया जाएगा।

12. **कार्य अवधि**

कार्य को कार्य आदेश जारी करने की तिथि के 30 दिन के भीतर समाप्त किया जाना चाहिए।

13. **भुगतान शर्तेः**

क. कार्य के सफलतापूर्वक पूरा करने के पश्चात ट्राई को आवश्यक प्रमाणपत्र/दस्तावेज/रिपोर्ट और तीन प्रतियों में पूर्व-प्राप्ति बिलों की प्राप्ति के बाद जारी किया जाएगा।

ख. कोई अग्रिम भुगतान नहीं जारी किया जाएगा।

ग. किसी भी मूल्य विचलन/वृद्धि के मद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

घ. प्राधिकरण द्वारा देरी से भुगतान के मामले में ब्याज के दावे पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

14. **ट्राई को किसी भी बोली अथवा सभी बोलियों कों स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार**

15. ट्राई के पास किसी भी बोली को स्वीकार करने या अस्वीकार करने और बोली प्रक्रिया को रद्द करने और अनुबंध प्रदान करने से पहले किसी भी समय सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है, जिससे प्रभावित बोलीदाता या बोलीदाताओं को कोई दायित्व न हो या प्रभावित बोलीदाता या बोलीदाताओं को सूचित करने का कोई दायित्व हो।

16. **प्राकृतिक आपदा**

क) "प्राकृतिक आपदा" से आशय ऐसी घटना से है, जो लेखा परीक्षक के नियंत्रण से परे है और जिसमें लेखा परीक्षक की गलती अथवा लापरवाही शामिल न हो और जिसका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता हो। इस प्रकार की घटनाओं में आग, विस्फोट, बाढ़, भूकंप, हमले, युद्ध अथवा विद्रोह आदि शामिल हो सकते हैं, परंतु सीमित नहीं हो सकते हैं।

ख) प्राकृतिक आपदा के मामले में कार्य निष्पादन अवधि को विस्तारित किया जा सकता है। अनुबंध कार्य अवधि का विस्तार करने के लिए, लेखा परीक्षक को ऐसी घटना होने के एक सप्ताह के भीतर लेखा परीक्षती को तुरंत अधिसूचित किया जाना चाहिए और चैंबर ऑफ कॉमर्स अथवा किसी भी सक्षम प्राधिकरण से इस प्रकार की घटना के दायरे अनुबंध के निष्पादन पर इसके प्रभाव को दर्शाते हुए प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना होगा और स्थापित करना होगा कि इस प्रकार की घटना से विफलता उसकी ओर से नहीं है।



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

ग) **अनुबंध को नियंत्रित करने वाले कानूनः** - अनुबंध भारत में उस समय पर प्रचलित भारतीय कानूनों से नियंत्रित होगा।

घ) **न्यायलयों का क्षेत्राधिकारः** अनुबंध में मामले में उत्पन्न किसी विवाद के मामले में निर्णय हेतु क्षेत्राधिकार केवल दिल्ली में स्थित न्यायालयों का होगा।

16. **मध्यस्थताः**

इस नोटिस के माध्यम से आमंत्रित निविदा अथवा उत्पन्न करार में विवाद के मामले में अथवा किसी जुड़े मामले अथवा इसके कार्यान्वयन में किसी भी तरीके से उल्लिखित अनुबंध से संबंधित विवाद अथवा उल्लिखित अनुबंध की किसी निबंधन एवं शर्तों के संबंधों में विवाद के मामले में समाधान हेतु सचिव, ट्राई को भेजा जाएगा जो स्वयं एक मात्र मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते है अथवा ट्राई के किसी अधिकारी को नामित कर सकता है, इस तथ्य के बावजूद कि अधिकारी करार के साथ प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से संबंद्ध हो सकता है। बोलीदाता अथवा लेखा परीक्षक एकमात्र मध्यस्थकर्ता के ट्राई की नियुक्ति के लिए किसी आपत्ति के पात्र नहीं होंगे। मध्यस्थ का निर्णय अंतिम होगा और माध्यस्थम और सुलह अधिनियम, 1996 के प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अध्यधीन बाध्यकारी होगा। माध्यस्थ की पीठ नई दिल्ली होगी और मध्यस्थता की भाषा केवल अंग्रेजी होगी।



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

**अनुलग्लक- II**

**<u>सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए कार्य का दायरा</u>**

1. ट्राई वेबसाइट पर https://main.trai.gov.in (https://trai.gov.in से भी) पहुंचा जा सकता है। वर्तमान में, वेबसाइट को एडब्ल्यूएस सर्वर पर होस्ट किया जाता है और एनआईसी क्लाऊड सर्वर पर होस्ट किया जाएगा। यदि आवश्यकता हो तो ट्राई सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए एनआईसी क्लाऊड पर स्टेजिंग सर्वर उपलब्ध कराएगा अथवा एनआईसी क्लाऊड (प्रोडक्शन सर्वर) पर ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा के लिए कहा जा सकता है, कार्य आवंटन के समय जैसा भी मामला हो।

2. लेखा परीक्षक को संवेदनशीलता, खतरों और जोखिमों का आकलन करना होगा जो वल्नरएबिलिटी एसेसमेंट एंड पेनेट्रेशन टेस्टिंग द्वारा उपरोक्त वेबसाइट में मौजूद है जिसमें उपचारात्मक उपायों की पहचान करना और वेबसाइट की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से सभी पहचाने गए जोखिमों को समाप्त करने के लिए कार्यान्वयन हेतु सिफारिश करना शामिल है।

3. वेबसाइट लेखा परीक्षा इंडस्ट्री के मानकों का उपयोग करते हुए और ओपन वेब ऐप्लिकेशन सिक्योरिटी प्रोजेक्ट (ओडब्ल्यूएएसपी) विधि के अनुसार किया जाना चाहिए।

4. सुरक्षा लेखा परीक्षा के दौरान, यदि कोई कमी पाई जाती है तो, एनआईसी सर्वर पर होस्टिंग के लिए ऐप्लिकेशन/पोर्टल पूर्णतः सुरक्षित बनाने के लिए इसे लेखा परीक्षक को ट्राई को रिपोर्ट करना होगा।

5. ऐप्लिकेशन/पोर्टल की लेखा परीक्षा एनआईसी लेखा परीक्षा दिशा-निदेशों के अनुसार किया जाना चाहिए। वेबसाइट सफलतापूर्वक लेखा परीक्षा करने के पश्चात्, लेखा परीक्षक से सुरक्षा लेखा परीक्षा रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से उल्लेख होना चाहिए कि संबंधित डेटा फाइलों (पीडीएफ/डॉक/एक्सलस आदि प्रारूप) सहित वेब पेज, सभी स्क्रिप्ट और इमेज फाइल किसी भेद्यता अथवा दुर्भावना वाले कोड से मुक्त है, जिनका उपयोग उपरोक्त उल्लिखित वेबसाइट को होस्ट करने वाले वेबसर्वर में उन्नत विशेषाधिकार के साथ अप्रधिकृत पहुंच के लिए किय जा सकता है।



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

6. **लेखा परीक्षा परिवेशः**

लेखा परीक्षा होने वाली वेबसाइट का यूआरएल https://main.trai.gov.in है। लेखा परीक्षा के उद्देश्य से लेखा परीक्षा/टेस्टिंग उपकरण की आपूर्ति/संस्थापना, यदि कोई हो तो, लेखा परीक्षक का दायित्व होगा।

7. **चुने गए बोलीदाता के दायित्वः**

चुना गया बोलीदाता ट्राई वेबसाइट https://main.trai.gov.in का निम्नानुसार सुरक्षा लेखा परीक्षा करेगाः

7.1. ट्राई से केवल सुस्पष्ट लिखित अनुमति के साथ संभावित भेद्यशील सेवाओं को सत्यापित करना।

7.2. जब कभी भी लेखा परीक्षा योजना में कोई परिवर्तन/टेस्ट वेन्यू स्रोत/उच्च जोखिम निष्कर्षों अथवा टेस्टिंग समस्या की किसी पुनरावृत्ति हो तो लेखा परीक्षिति को अधिसूचित करना।

7.3. लेखा परीक्षा के लिए अपेक्षित प्रलेखन और रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदारी।

7.4. टास्क-1: वेब सुरक्षा लेखा परीक्षा/आकलन।

7.5. टास्क-2: टास्क-1 की सिफारिशों के आधार पर पुनः लेखा परीक्षा करना।

7.6. सुरक्षा लेखा परीक्षा करने के उपरांत, एनआईसी मानदंडों के अनुसार उल्लेख करते हुए प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना कि ऐप्लिकेशन/वेबसाइट एनआईसी सर्वर पर होस्टिंग के लिए सुरक्षित है।

8. **लेखा परीक्षा रिपोर्ट**

लेखा परीक्षक ओडब्ल्यूएएसपी के अनुसार भेद्यताओं को दर्शाते हुए और टास्क-1 पूरा होने के पश्चात् कार्रवाई के लिए सिफारिशों हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। लेखा परीक्षा के सभी कार्यों को पूरा करने के पश्चात् लेखा परीक्षक द्वारा अंतिम औपचारिक आईटी सुरक्षा लेखा परीक्षा रिपोर्ट करनी होगी। रिपोर्ट में निम्न का उल्लेख होना चाहिएः

8.1. लेखा परीक्षिती की पहचान (पता एवं संपर्क सूचना)

8.2. लेखा परीक्षा की तिथियां और स्थान (टास्क-1 और टास्क-2)

8.3. लेखा परीक्षा के लिए मानक सहित विचारार्थ विषय, यदि कोई हो तो (लेखा परीक्षिति और लेखा परीक्षक के मध्य सहमति के अनुसार)

8.4. लेखा परीक्षा योजना

8.5. नीति और पद्धति संबंधी दस्तावेज, यदि कोई हो तो सहित प्रमुख लेखा परीक्षिति संगठन दस्तावेजों का सुस्पष्ट संदर्भ (तिथि अथवा संस्करण द्वारा)

8.6. लेखा परीक्षिति पर लागू अतिरिक्त अनिवार्य अथवा स्वैच्छिक मानक अथवा विनियमन

8.7. पहचान की गई जांचों, उपयोग किए उपकरणों और की गई जांचों का परिणाम सहित लेखा परीक्षा के निष्कर्षों का सार

8.8. भेद्यता और चिंता के मुद्दों का विश्लेषण

8.9. कार्रवाई के लिए सिफारिश

8.10 किसी ट्रेनी की पहचान सहित लेखा परीक्षा में संलग्न व्यक्ति। इसके अतिरिक्त, रिपोर्ट में अज्ञात को स्पष्ट रूप से अज्ञात के उल्लेख करना चाहिए।

**9. ट्राई के दायित्व**

9.1. भेद्यता, जिनकी लेखा परीक्षक द्वारा पहचान की गई हैं, यदि कोई हो तो, लेखा परीक्षक ट्राई को भेद्यता रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा जो भेद्यताओं को समाप्त करने के लिए उत्तरदायी है। भेद्यताओं को समाप्त करने के पश्चात्, ट्राई लेखा परीक्षक को उल्लेख करते हुए पुष्टि करेगा कि लेखा परीक्षक द्वारा बताए गए अनुसार भेद्यताओं को हटा दिया गया है।

9.2. ट्राई द्वारा इस प्रकार की भेद्यताओं को समाप्त करने के पश्चात लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षा का दूसरा राऊंड शुरु किया जाएगा।

9.3. ट्राई लेखा परीक्षा/जांच के दौरान किसी अस्वाभाविक अथवा बड़े परीवर्तन करने से परहेज करेगा। यदि आवश्यक हो तो, प्रिविलेज टेस्टिंग के लिए, लेखा परीक्षिति उपरोक्त ‘लेखा परीक्षा परिवेश’ अनुच्छेद में उल्लेख किए गए अनुसार लेखा परीक्षक को आवश्यक पहुंच उपलब्ध कराएगा।

10. **गोपनीयता**

कार्य संबंधी सभी दस्तावेजों, सूचना और रिपोर्टों को गोपनीय रूप से संभाला तथा रखा जाएगा और लेखा परीक्षक द्वारा किसी भी रूप में शेयर/प्रकाशित/आपूर्ति अथवा प्रसारित किया जाएगा।

11. **आवेदन के तकनीकी विवरण निम्नानुसार हैः**

| क्र.सं. | **वेबसाइट के बारे में मानदंड/सूचना** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1 | वेब ऐप्लिकेशन नाम एवं यूआरएल | ट्राई वेबसाइटः https://main.trai.gov.in |
| 2 | ऑपरेटिंग सिस्टम ब्यौरा (अर्थात् विडो - 2003, लिनक्स, एआईएक्स, सोलरिस आदि) | लाइनेक्स |
| 3 | संस्करण सहित ऐप्लिकेशन सर्वर (अर्थात् आईआईएस 5.0. एपाचे, टॉमकेट, आदि) | अपाचे |
| 4 | फ्रंट एंड टूल [सर्वर-साइड स्क्रिप्ट] (अर्थात् एएसपी, एएसपी. नेट, जेएसपी, पीएचपी, आदि) | पीएचपी |
| 5 | बैक एंड डेटाबेस (एमएस-एसक्यूएल सर्वर, पोस्टग्रे एसक्यूएल, ओरेकल आदि) | एमएस-एसक्यूएल |
| 6<br>7 | भूमिकाओं की प्राधिकरण संख्या एवं विभिन्न भूमिकाओं के लिए विशेषाधिकारों के प्रकार<br>क्या साइट में कोई सामग्री प्रबंधन मॉडयूल (सीएमएस) है (यदि हां, तो कौन सा) | भूमिका की 6 सं.<br>ड्रूपल 7.65 (सीएमएफ) |
| 8 | इनपुट फार्मों की सं. | 8 फार्म |
| 9 | इनपुट फील्डों की सं. (अनुमानित) | 20-35 |
| 10 | लॉगइन मॉडयूलों की सं. | 1 लॉगइन मॉडयूल |
| 11 | क्या कोई भुगतान गेटवे है? | जी नहीं. |
| 12 | वेब सेवाओं की संख्या, यदि कोई हो तो | जी नहीं |

**12. सुपुर्दगी योग्य और लेखा परीक्षा रिपोर्टेः**

सफलतापूर्वक बोलीदाता को उपरोक्त उल्लिखित वेब ऐप्लिकेशन की लेखा परीक्षा के पश्चात् निम्न दस्तावेजों को प्रिंटेड प्रारूप में (प्रत्येक की 2 प्रतियां) को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगीः

i. सुरक्षा स्थित और पहचानी गई भेद्यता कमियों और संबंद्ध जोखिम स्तरों सहित ढूंढी गई भेद्यता कमियां और विसंगत विन्यात और जोखिम समाप्त करने के लिए कार्रवाई की सिफारिशो सहित एक विस्तृत रिपोर्ट

ii. ट्राई द्वारा प्रतिरोधात्मक आवश्यक उपाय और संस्तुत उपचारात्मक कार्रवाइयों सहित सुरक्षा जोखिम, भेद्यता और लेखा परीक्षा पर सारांश तथा विस्तृत रिपोर्ट

iii. अंतिम सुरक्षा लेखा परीक्षा प्रमाणपत्र और यह एनआईसी मानकों के अनुरूप होना चाहिए।

iv. सभी सुपुर्दगी योग्य अंग्रेजी भाषा में होगी और ए4 साइस प्रारूप में होगी।

v. वेंडर को इस दस्तावेज की निबंधन एवं शर्तों के अनुसार सुपुर्दगी योग्य को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

**अनुलग्नक- III**

**(कंपनी के लैटर पैड पर)**

सेवा में,

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी-आईटी,
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण,
महानगर दूरसंचार भवन (जाकिर हुसैन कॉलेज के समीप)
जवाहरलाल नेहरू मार्ग (ओल्ड मिंटो रोड),
नई दिल्लीः 110002

**विषयः ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा करने के लिए वित्तीय बोली**

*मैं/हम*, एतद्‌वारा निविदा दस्तावेज के अनुसार ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा करने के लिए वित्तीय बोली प्रस्तुत करते हैः-

| **कार्य का ब्यौरा** | **धनराशि (रूपए में)** |
|---|---|
| ट्राई वेबसाइट की सुरक्षा लेखा परीक्षा (https://main.trai.gov.in) | |
| कर (उल्लेख करें) (_______%) | |
| **सकल जोड़** | |
| रुपए शब्दों में (रुपए.................................................................................. ....... ............ ............ ......................................................... ....................... ) | |

नोटः

(क) वित्तीय बोलियों में **मूल्य के अतिरिक्त किसी अन्य का उल्लेख नहीं होगा।**

(ख) बोलीदाताओं से अनुरोध किया जाता है कि मूल्य उद्धत करने के पश्चात इस अनुलग्नक को कंपनी सील के साथ यथोचित रूप से हस्ताक्षरित करना सुनिश्चित करें। **बिना हस्ताक्षर/कंपनी सील वाली वित्तीय बोलियों को स्वीकार/विचारा नहीं जाएगा।**

**तिथि**______________

**हस्ताक्षरः** ________________________________

**नामः** ________________________________

**पदनामः** ________________________________

कंपनी सील



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

**अनुलग्नक-IV**

## बोलीदाता का ब्यौरा

| क्र.सं. | विवरण | ब्यौरा |
|---|---|---|
| 1 | बोलीदाता का नाम | |
| 2 | बोलीदाता का पूरा पता | |
| 3 | अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम | |
| 4 | अधिकारी का नाम एवं पता जिनसे इस निविदा के संबंध में सम्पर्क रखा जाएगा | |
| 5 | दूरसंचार | |
| 6 | फैक्स नं. | |
| 7 | ई-मेल | |
| 8 | मोबाइल | |

हस्ताक्षर ______________________

नाम ______________________

पदनाम ______________________

तिथि ________

कंपनी की मोहर



**मोहर सहित ईबी के हस्ताक्षर**

**अस्वीकरण: यह विज्ञप्ति / निविदा मूलरूप से अंग्रेजी में लिखित विज्ञप्ति / निविदा का हिंदी अनुवाद हैं। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित यह विज्ञप्ति / निविदा मान्य होगी।**